## प्रेस नोट

## दिनांक 14.04.2025

## डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह-

आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन परिसर में डॉ0 अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माल्यार्पण के पश्चात पुलिस लाइन परिसर में, उनके राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग-समता, न्याय, बंधुत्व और संविधान में विश्वास-को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, CFO फायर सर्विसेज, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।